**सुविचार**

जीवन में शांति चाहते हैं तो दुसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 25 | पंचकूला। रविवार, 1 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म और यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** 6 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म और यौन शोषण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने यूपी गाजीपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चंडीगढ़ के ईडब्ल्यूएस कालोनी निवासी 54 वर्षीय अरुण के रूप में हुई है।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया।अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 22 फरवरी की शाम करीब 5:30 बजे इडब्ल्यूएस कालोनी में दुष्कर्म-छेड़छाड़ की सूचना मिली।पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पीड़िता की मां ने बताया कि वह अपनी छह वर्षीय बेटी की तलाश कर रही थीं।इसी दौरान बच्ची एक मकान से बाहर आती दिखाई दी और घबराई हुई मां से लिपट गई। बच्ची ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला आरोपी अरुण उसे अपने घर ले गया,जहां उसके साथ गलत हरकत और छेड़छाड़ की।शिकायत के आधार पर तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

### आंध्र प्रदेश- पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 18 की मौत

**काकीनाडा।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाके के समय यूनिट में 20 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया। पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं।

# इजराइल-अमेरिका का भीषण हमला ईरान ने भी दागीं बैलेस्टिक मिसाइलें

- 85 छात्राओं समेत 200 की मौत
- ईरान ने भी दागीं 400 मिसाइलें
- इजराइली पीएम बोले- खामेनेई के मारे जाने के संकेत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने बताया है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम 201 लोगों की मौत हो चुकी है और 747 लोग घायल हुए हैं।

ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई।

इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं।

ईरान ने इजराइल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। ईरान ने UAE के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

### नए अभियान का नाम लियोनस् रोर यानि शेर की दहाड़

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर। (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है।

यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है।

ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।




ईरान के हमले के बाद बहरीन के मनामा में आसमान में उठता धुआं।





### अमेरिका ने अपने ऑपरेशन को एपिक फ्यूरी नाम दिया

अमेरिका ने ईरान के खिलाफ हमले को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया है। एपिक फ्यूरी मतलब बहुत जबरदस्त और भयंकर गुस्सा होता है।

### हमला अतंरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ : नॉर्वे

रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ एइडे ने कहा कि इजराइल के हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि संकट का समाधान कूटनीतिक तरीके से होना चाहिए।

### रूसी विदेश मंत्री ने ईरानी विदेश मंत्री से बात की

रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात की। इस बातचीत में लावरोव ने अमेरिका और इज़राइल के हमलों की कड़ी निंदा की।

### 12 एयरलाइंस ने वॉर जोन में फ्लाइट्स रोकीं

**ईरान-इजराइल वॉर की वजह से कई एयरलाइंस ने इस क्षेत्र की उड़ानें रद्द कर दी हैं।**

| | |
|---|---|
| एयर फ्रांस | नॉर्वेजियन एयर |
| एयर इंडिया | टर्किश एयरलाइंस |
| इबेरिया एक्सप्रेस | वर्जिन एटलांटिक |
| इंडिगो | कतर एयरवेज |
| जापान एयरलाइंस | एयर अल्जीरिया |
| लॉट एयरलाइंस | |
| लुफ्थांसा | |

### कच्चे तेल के दाम में बड़ी उछाल आने की संभावना

इस वॉर के छिड़ने से भारत समेत दुनियाभर के निवेशक डरे हुए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस अटैक से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आना तय है, जो महंगाई को बढ़ा सकती है। भारत समेत कई देश होर्मुज जलडमरूमध्य से अपना कच्चा तेल आयात करते हैं। इस युद्ध के दौरान यह एरिया बंद होने की उम्मीद है, जिस कारण कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा होगा। सोमवार को जब कमोडिटी मार्केट खुलेगा तो इसमें और ज्यादा उछाल आएगा।

**शेयर बाजार में आ सकती है भारी गिरावट**

वॉर इतनी भीषण हो चुकी है कि एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि सोमवार को भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजार में भारी गिरावट आ सकती है। यह गिरावट कितनी होगी, यह निवेशकों के सेंटिमेंट और बिकवाली पर निर्भर करेगा। इसके संकेत शुक्रवार को ही भारतीय बाजार में दिख गए थे, जब ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत किसी सार्थक नतीजे पर नहीं पहुंची थी। अब सोमवार को निवेशकों की नजर रहेगी।

### भारतीय दूतावास ने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

भारत ने इजरायल में रहने वाले अपने नागरिकों को सलाह दी कि वे ईरान के खिलाफ इजरायल और अमेरिका के संयुक्त हवाई हमले के बाद अलर्ट रहें। दूतावास ने भारतीय प्रवासियों को चौकन्ना और सतर्क रहने की सलाह दी है। इसके अनुसार, इलाके में मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए, इजरायल में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बहुत सावधानी बरतें और हर समय चौकन्ने रहें। भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे इजरायली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सेफ्टी गाइडलाइंस और निर्देशों का सख्ती से पालन करें। एडवाइजरी में सुरक्षित क्षेत्र के पास रहने की अहमियत पर भी जोर दिया गया।

## सेक्टर-21 में निकली भव्य कलश यात्रा, आज होगा हिंदू सम्मेलन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** सेक्टर-21 में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन से पूर्व शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सेक्टर-21 स्थित शिव मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई और क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान बैंड-बाजे की धुनों पर श्रद्धालु जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया।

आयोजन समिति के सदस्य विपिन लिड्डू, नीरज पाराशर, निर्मल चंद धीमान और रणजीत सिंह ने बताया कि कलश यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को 1 मार्च को होने वाले हिंदू सम्मेलन से जोड़ना



और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। यात्रा के अग्रभाग में सजे-धजे घोड़े चल रहे थे, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे। रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। विपिन लिड्डू ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन मूल्यों और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता है तथा ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे 1 मार्च को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन में बढ़-चढ़कर भाग लें।

इस अवसर पर अलका जोशी, रेणुका शर्मा, वंदना गर्ग, निशा सैनी, ध्यानचंद अवार्डी ओम प्रकाश, सुभाष बंसल, विनय अरोड़ा, दिलबाग सिंह, अशोक नारंग, संजीव दुग्गल, डॉ. पुनीत रावल, विजय पसरीजा, दीपक कुमार, संजय शर्मा, जयपाल गर्ग सहित वार्ड नंबर-13 के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

## जॉय ऑफ सेफ्टी के माध्यम से युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** सड़क सुरक्षा को समर्पित ÷जॉय ऑफ सेफ्टी÷ (सुरक्षा का आनंद) कार्यक्रम का आयोजन Chandigarh University में किया गया। यह पहल Suzuki Motorcycle India Private Limited की सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत संचालित है, जिसका क्रियान्वयन सहयोगी संस्था Value Life Foundation द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में खुशप्रीत सिंह (सहायक निदेशक युवा कार्य एवं सेवा), आशुतोष कुमार (प्रबंधक संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व), गुरप्रीत सिंह सैनी (प्रमुख ङ्क सेवा नियोजन, भारत) तथा विख्यात सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक कार्यक्रम) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विख्यात सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र




आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित दोपहिया वाहन संचालन तथा जिम्मेदार सड़क व्यवहार के प्रति प्रेरित किया गया।

सुरक्षा का आनंद कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं–जो सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील आयु वर्ग हैं–के बीच सड़क सुरक्षा तथा जिम्मेदार दोपहिया वाहन संचालन की संस्कृति को विकसित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों का महत्व, रक्षात्मक वाहन संचालन, सुरक्षित सड़क व्यवहार तथा वाहन चलाते समय हेलमेट के अनिवार्य उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक के रूप में सड़क पर आचरण करने का संकल्प कराया गया। यह जागरूकता कक्षा आधारित सत्रों, सामुदायिक स्तर पर छात्र स्वयंसेवी गतिविधियों तथा व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम दिल्ली, गुरुग्राम और चंडीगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों में सफलतापूर्वक संचालित किया जा चुका है तथा अब इसे अन्य शहरों में भी विस्तारित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं और दोपहिया वाहन चालकों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जा सके।

## इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला में नवजात बालिका का शव मिलने से सनसनी

संजीत कुमार, पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** इंडस्ट्रियल एरिया स्थित प्लॉट नंबर 315 व 314 के सामने शनिवार सुबह एक नवजात बालिका का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह लगभग 10 बजे नगर निगम की सफाई गाड़ी नियमित सफाई कार्य के लिए मौके पर पहुँची। इसी दौरान सफाई कर्मचारियों की नजर नवजात शिशु के शव पर पड़ी, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एसआई मलकित सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और निरीक्षण किया। पुलिस के साथ डॉक्टरों की टीम भी मौके पर मौजूद रही, जिन्होंने



प्रारंभिक जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान यह बात भी सामने आई कि घटनास्थल पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र में रात के समय अंधेरा रहता है। पूरे घटनाक्रम का जायजा लेने के लिए पंचकूला ऑब्जर्वर की चीफ रिपोर्टर संजीत सिंह रिपोर्टर रितिका शर्मा स्वयं घटनास्थल पर पहुँचीं और मामले की जानकारी ली।

## सामान्य अस्पताल आयुष विंग में स्वर्ण प्राशन कैंप, 90 बच्चों को मिला लाभ

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** सामान्य अस्पताल के आयुष विंग में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वर्ण प्राशन कैंप का आयोजन किया गया। 28 फरवरी 2026 को आयोजित इस विशेष कैंप में 1 माह से लेकर 16 वर्ष तक के लगभग 90 बच्चों को स्वर्ण युक्त आयुर्वेदिक दवा पिलाई गई। अभिभावकों में कैंप को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

आयुष विंग की पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. यामिनी गुप्ता ने बताया कि यह कैंप विशेष रूप से पुष्य नक्षत्र के दिन आयोजित किया जाता है। आयुर्वेद में इस दिन को अत्यंत शुभ और प्रभावकारी माना गया है।



उन्होंने बताया कि इस दिन स्वर्ण प्राशन कराने से बच्चों में अद्भुत क्षमता विकास देखा गया है। इससे रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता में सुधार होता है तथा ओज शक्ति का विकास होता है।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. दिलीप मिश्रा के नेतृत्व में 11 नवंबर 2025 से आयुष विंग में स्वर्ण प्राशन कैंप की शुरुआत की गई थी। पिछले चार महीनों से नियमित रूप से प्रत्येक माह इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। हर महीने दवा लेने वाले बच्चों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि अभिभावकों का विश्वास आयुष चिकित्सा पद्धति पर बढ़ रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार, नियमित रूप से स्वर्ण प्राशन लेने वाले बच्चों में मौसमी बुखार, खांसी और अन्य सामान्य बीमारियों से बचाव में सकारात्मक परिणाम देखे गए हैं। बच्चे बेहतर स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त कर रहे हैं और उनकी शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि में भी सुधार देखा जा रहा है।

कैंप में भाग लेने के लिए माता-पिता अपने बच्चों के साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी पहुंच रहे हैं। आयुष विंग की ओर से बताया गया कि स्वर्ण प्राशन शिविरों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। अगला कैंप 24 मार्च को आयुष विंग में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# एएनटीएफ ने बड़ी मात्रा में एमडीएमए पकड़ी, अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स नेटवर्क का भंडाफोड़ कर छह गिरफ्तार

- **1215 एमडीएमए गोलियां, 263 ग्राम कोकीन, 82 ग्राम आईसीई, 1.2 किलो टीएचसी वेरिएंट, 16 ग्राम मैजिक मशरूम और 400 ग्राम अफीम बरामद**

**पंचकूला ऑब्जर्वर**

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी के संगठित नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए पंजाब पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ट्राइसिटी क्षेत्र और लुधियाना में सक्रिय एक अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स नेटवर्क का भंडाफोड़ कर इसके छह प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी विशेष रूप से शहरों में रहने वाले युवाओं को निशाना बनाकर विदेशी मूल के पार्टी ड्रग्स की सप्लाई करते थे। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान रिशव, मुकेश कुमार, लखविंदर सिंह, रवि कुमार, बलजिंदर सिंह और तलविंदर सिंह के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि यह देश में एमडीएमए टैबलेट की सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए नशीले पदार्थों में 1,215 एमडीएमए टैबलेट, 263 ग्राम कोकीन, 82 ग्राम मेथामफेटामाइन (आईसीई), विभिन्न वेरिएंट में 1.2 किलोग्राम टीएचसी, 16 ग्राम मैजिक मशरूम और 400 ग्राम अफीम शामिल हैं। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से 9 लाख रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की गई है।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह सिंडिकेट एयर कोरियर चैनलों के माध्यम से विदेशों से नशीले पदार्थ मंगवाता था और आगे सप्लाई तथा पकड़े जाने से बचने के लिए एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करता था। मामले में आगे-पीछे के लिंक का पता लगाने और अन्य आरोपियों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है। कार्रवाई का विवरण साझा करते हुए एआईजी एएनटीएफ अश्वनी गोटीयाल ने बताया कि उन्हें खुफिया सूचना मिली थी कि रिशव नामक एक ड्रग सप्लायर खरड़ के एक अपार्टमेंट से क्लब और पार्टी सर्किट में नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा है, जो मुख्य रूप से ट्राइसिटी क्षेत्र के युवाओं को बेचे जा रहे थे।

प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने योजनाबद्ध तरीके से उक्त स्थान पर छापा मारा, जहां से संदिग्ध रिशव को 1,215 एमडीएमए टैबलेट, 155 ग्राम कोकीन, 82 ग्राम आईसीई, 10 वेरिएंट में 973 ग्राम टीएचसी, 16 ग्राम मैजिक मशरूम, 400 ग्राम अफीम और 3 लाख रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया गया।

एआईजी ने बताया कि आगे की जांच में लुधियाना में एक बड़े डिस्ट्रीब्यूशन मॉड्यूल का खुलासा हुआ, जो ट्राइसिटी क्षेत्र के लिए मुख्य सप्लाई और पुनः वितरण केंद्र के रूप में काम कर रहा था। इसके बाद की गई छापेमारी में मुख्य आरोपी मुकेश कुमार, लखविंदर सिंह, रवि कुमार, बलजिंदर सिंह और तलविंदर सिंह को 108 ग्राम कोकीन, 278 ग्राम टीएचसी और 6 लाख रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया गया।

एआईजी अश्वनी गोटियाल ने कहा कि छापेमारी के दौरान जब्त किए गए कई नशीले पदार्थ वैश्विक स्तर पर अत्यंत घातक और खतरनाक माने जाते हैं। इनके गंभीर मानसिक और शारीरिक प्रभावों के कारण मूल देशों में इनके सेवन के खिलाफ विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य परामर्श और प्रवर्तन चेतावनियां जारी की गई हैं। इस संबंध में एसएएस नगर के पुलिस थाना एएनटीएफ में एनडीपीएस एक्ट की धारा 18, 20, 21, 22, 22 (सी), 27 और 29 के तहत एफआईआर नंबर 4 फरवरी 27 को दर्ज की गई है।

शिक्षा मंत्री ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च मोहाली में साइंस फेस्ट 'तत्वा' का किया उद्घाटन

# बैंस ने स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए आईआईएसईआर से सहयोग की मांग की

**पंचकूला ऑब्जर्वर**



**चंडीगढ़/एस.ए.एस. नगर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की नवाचार को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए पंजाब के शिक्षा एवं सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि एक विकसित राष्ट्र का मार्ग उसकी वैज्ञानिक खोजों से निर्धारित होता है। उन्होंने युवाओं से देश की विकास गाथा को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के लिए जिज्ञासा की भावना अपनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आईआईएसईआर मोहाली में आयोजित वार्षिक साइंस फेस्ट तत्वा का उद्घाटन करते हुए शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से विज्ञान को केवल एक विषय के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के एक सशक्त साधन के रूप में देखने की अपील की। संस्थान के विद्यार्थियों तथा स्कूल ऑफ एमिनेंस और मेरिटोरियस स्कूलों के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, पहिए के आविष्कार से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, मानव प्रगति का हर चरण विज्ञान पर आधारित रहा है। हमारे देश की तरक्की विज्ञान की भाषा में लिखी गई है।

ऐतिहासिक उपलब्धियों से लेकर वर्तमान लक्ष्यों तक प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड रेल, एयरोस्पेस, मेडिकल साइंस और डिजिटल अवसंरचना में भारत की प्रगति वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से महान भारतीय वैज्ञानिकों—सी. वी. रमन, जिनकी 'रमन प्रभाव' की खोज के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है; नरिंदर सिंह कपानी; प्यारा सिंह गिल; तथा नोबेल पुरस्कार विजेता हर गोबिंद खुराना—से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन दूरदर्शी वैज्ञानिकों ने केवल समस्याओं का समाधान ही नहीं किया, बल्कि आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिकों को अपना आदर्श और पुस्तकों को जीवनभर का साथी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल आईआईटी, आईआईएम या आईआईएसईआर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाना नहीं, बल्कि वहां से ज्ञान अर्जित कर राष्ट्र-निर्माता के रूप में उभरना होना चाहिए।

शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय विकास में जिज्ञासा की भूमिका पर बल देते हुए विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में घटित होने वाली घटनाओं के क्यों और ÷कैसे÷ पर प्रश्न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और प्रतियोगी कोचिंग पर ध्यान देने के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, जिसके चलते इस वर्ष 300 से अधिक सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण की है।

उन्होंने आईआईएसईआर मोहाली के निदेशक अनिल कुमार त्रिपाठी को विज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए पंजाब सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग और प्रमुख शोध संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने की इच्छा भी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि आईआईएसईआर जैसी संस्थाएं नवाचार के प्रमुख केंद्र हैं और सरकार चाहती है कि विद्यार्थियों को इन संसाधनों तक सीधी पहुंच मिले, वे प्रयोगशालाओं में कार्य करें, फैकल्टी से सीखें और वैज्ञानिक वातावरण का अनुभव करें।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने साइंस मैगज़ीन मेराकी का विमोचन किया तथा आईआईएसईआर मोहाली के पूर्व विद्यार्थियों (एलुमनी) की वेबसाइट भी लॉन्च की। इससे पहले उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, युवा शोधकर्ताओं से संवाद किया और उनके वैज्ञानिक मॉडलों तथा नवाचारी सोच की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए 'रमन प्रभाव' को समर्पित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसके माध्यम से भारतीय विज्ञान ने वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

# जीरकपुर में दिनदिहाड़े दो महिलाओं से सोने की चेन झपटी, केस दर्ज

**पंचकूला ऑब्जर्वर**

**जीरकपुर।** शहर में चेन स्नैचिंग की दो अलग-अलग घटनाओं से दहशत का माहौल है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना 26 फरवरी को हुई। सिग्मा सिटी एक्सटेंशन निवासी वंदना पत्नी सरद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर करीब 1÷30 बजे अपनी बेटी को स्कूल से लेकर एक्टिवा पर घर लौट रही थीं। जब वह एमकेयर अस्पताल के पास पहुंचीं तो पीछे से बाइक पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और राजपुरा हाईवे की ओर फरार हो गए। वंदना ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। दूसरी घटना तृषला सिटी निवासी अनीता चौहान के साथ हुई। अनीता ने बताया कि वह अपनी ननद के साथ प्रताप स्टोर के पास सब्जी खरीद रही थीं। उसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और एक ने अचानक उनके गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों शिकायतें थाना जीरकपुर में दर्ज की गईं। एएसआई सुखदेव सिंह ने बताया कि मौके की जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# नशीले पदार्थों व अवैध हथियारों की तस्करी मॉड्यूल से जुड़े 10 व्यक्ति गिरफ्तार

- **हेरोइन और अवैध हथियारों की भारतीय क्षेत्र में तस्करी की जा रही थी: डीजीपी गौरव यादव**

**पंचकूला ऑब्जर्वर**



**चंडीगढ़/अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को 5.4 किलोग्राम हेरोइन, तीन आधुनिक पिस्तौल और 4500 रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार कर सीमा पार से संचालित नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी के तीन संगठित मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ बिल्ला (21) निवासी गुरु की वडाली, अमृतसर; लवप्रीत सिंह उर्फ लव (25) निवासी गांव बोपाराय बाज सिंह, अमृतसर; सतनाम सिंह उर्फ जज (28) निवासी गांव सुरसिंह, तरनतारन; रोहित शर्मा उर्फ डाकू (21) निवासी गांव मोहकमपुरा, अमृतसर; गुरलाल सिंह उर्फ दीमा (38) निवासी गांव मस्तगढ़, तरनतारन; मनप्रीत सिंह उर्फ मन्ना (30), गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (24), शंकर कुमार (53), अनीश उर्फ यक्की (23) और रवि उर्फ गंजा उर्फ टकला (30) सभी निवासी पट्टी, तरनतारन के रूप में हुई है।

बरामद हथियारों में एक 9 एमएम ग्लॉक, एक 9 एमएम जिगाना और एक .32 बोर पिस्तौल सहित 34 जिंदा कारतूस शामिल हैं। पुलिस टीमों ने उनका एक मोटरसाइकिल भी जब्त किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि हेरोइन और अवैध हथियारों की भारतीय क्षेत्र में तस्करी की जा रही थी और एक संगठित नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही थी।

डीजीपी ने कहा कि इस मामले के आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने और पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है। पहले ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विशेष गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने गुरप्रीत उर्फ बिल्ला को 230 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया।

# कांग्रेस हाईकमान अपना प्रभाव खो चुकी है : सुनील जाखड़

**चंडीगढ़, 28 फ़रवरी।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को कहा कि जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पंजाब आकर अपने ही नेताओं को सार्वजनिक रूप से नसीहत देनी पड़ी, उससे यह साबित होता है कि पार्टी हाईकमान अपना प्रभाव खो चुका है और प्रदेश नेतृत्व बेलगाम हो चुका है।

इस संबंध में सोशल मीडिया पर साझा किये गये एक संदेश में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने लिखा, ÷ आप चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, टीम प्लेयर बनिए, नहीं तो खरगे जी (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे) और मैं आपको ठीक कर दूंगा।

उन्होंने कहा कि वहां न तो पंजाब के लिए कोई एजेंडा था और न ही किसानों या मज़दूरों से जुड़े मुद्दों पर कोई चर्चा हुई। इसके बजाय, यह पहले से ही अप्रभावी हो चुके कांग्रेस हाईकमान की ओर से श्री गांधी की एक बेबसी भरी कोशिश थी, जिसके ज़रिये उपरोक्त चेतावनी देकर पंजाब की बिखरी हुई प्रदेश नेतृत्व को सार्वजनिक रूप से अपमानित कर एकजुट करने की कोशिश की गयी, लेकिन ऐसा करते हुए गांधी ने न केवल प्रदेश नेतृत्व को सार्वजनिक हंसी का पात्र बनाया, बल्कि अपनी ही कमजोर नेतृत्व क्षमता को भी उजागर कर दिया।

# अदालत के फैसले से आखिर सच की हुई जीतः मुंडिया

**पंचकूला ऑब्जर्वर**



**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया ने आज नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी के पंजाब मामलों के प्रभारी मनीष सिसोदिया से मुलाकात कर उन्हें झूठे मामले में बरी होने पर हार्दिक बधाई दी।

मुंडिया ने दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत द्वारा श्री केजरीवाल, श्री सिसोदिया सहित 23 अन्य लोगों को बरी किए जाने संबंधी फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि आखिरकार सच की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से आम आदमी पार्टी की कट्टर ईमानदार नीति पर माननीय अदालत ने भी अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि यह फैसला भारतीय संविधान और स्वतंत्र न्यायपालिका की मजबूती का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने अपने दोनों राष्ट्रीय नेताओं को अदालत के फैसले में सम्मानपूर्वक बरी होने पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता और पार्टी कार्यकर्ता पहले से ही जानते थे कि उनके नेताओं को बदले की राजनीति के तहत झूठे मामले में फंसाया गया था और अब इस फैसले से केंद्र सरकार का झूठ शरेआम नंगा हो गया है।

मुंडिया ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा मामले को गलत तरीके से गढ़ने की कोशिशें की गई थीं, लेकिन अदालत निष्पक्ष रूप से तथ्यों का मूल्यांकन करते हुए सच्चाई को सामने लाई। उन्होंने यह भी बताया कि अदालत ने गलत कार्यवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल बरी किए गए नेताओं के लिए, बल्कि सच्चाई, लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर जनता के विश्वास की भी बड़ी जीत है।

# 'आप' पंजाब के वालंटियर्स आज बड़ी संख्या में पहुंचेंगे दिल्ली: बलतेज पन्नू

**पंचकूला ऑब्जर्वर**

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के पंजाब के मंत्री, विधायक और वरिष्ठ नेता रविवार (1 मार्च) को सुबह 11 बजे जंतर-मंतर में राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल की सार्वजनिक रैली में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पंहुचेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के महासचिव और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने बताया कि पंजाब की पूरी लीडरशिप अरविंद केजरीवाल के साथ चट्टान जैसी खड़ी है और जंतर-मंतर पर पार्टी के हजारों कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ शामिल होगी। उन्होंने कहा कि आप पंजाब के नेता और वालंटियर एकजुटता दिखाने और राष्ट्रीय कन्वीनर द्वारा पार्टी के भविष्य की रूपरेखा बारे सुनने के लिए बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचेंगे।

बलतेज पन्नू ने कहा कि यह रैली एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हो रही है, जो कथित शराब घोटाले मामले में अरविंद केजरीवाल और आप नेताओं को बरी करने के अदालत के हालिया फैसले के बाद आया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों के लोगों की तरह पंजाब के लोगों को भी अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी और स्वच्छ राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता पर पूरा भरोसा है। सत्य की जीत हुई है। आप पंजाब के प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि रैली आप और उसके नेतृत्व के विरुद्ध भाजपा की साजिशों का पर्दाफाश करेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक सत्ता हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी के ईमानदार नेताओं की छवि को जानबूझकर धूमिल करने की कोशिश की जा रही है, जनता इन चालों को समझ चुकी है।

कुलदीप सिंह धालीवाल ने आगे कहा कि जंतर-मंतर से उठने वाली आवाज पूरे देश में गूंजेगी और उन लोगो के प्रेरित करेगी जो पारदर्शी शासन और लोगों के अनुकूल नीतियों में विश्वास रखते हैं।

खन्ना के जीटी रोड के पास अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में दहशत

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा मौत का खुलासा

**पंचकूला ऑब्जर्वर**

**खन्ना।** शनिवार की शाम खन्ना जीटी रोड पर बने आईडी बैंक्वेट हॉल के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई, जिससे आसपास के लोग सहम गए, मौके पर मजदूरी का काम कर रहे प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस शनिवार की शाम चार बजे के करीब आईडी बैंक्विट हॉल के साथ लगती सड़क के पास पहुंची, जहां बैंक्वेट हॉल की दीवार के साथ कूड़ा करकट पड़ा था उसी कूड़े में महिला का शव पड़ा हुआ था। जब पुलिस ने हमे बुलाया तब हमें पता चला की सड़क किनारे महिला का शव पड़ा है, काम कर रहे मजदूरों की मदद से पुलिस ने शव को उठाकर गाड़ी में रखा,

मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें शव के बारे में पुलिस के पहुंचने के बाद ही जानकारी मिली।

महिला ने जींस और टी-शर्ट पहन रखी थी। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि महिला शव किसी ने एक दिन पहले ही वहां पर रखा होगा, क्यों कि जिस सड़क के पास शव बरामद हुआ उसके बिल्कुल सामने ही पिछले तीन चार दिनों से मजदूर काम कर रहे है, अगर शव तीन चार दिन से यहां होता हमें बदबू आ जाती ऐसा नही हुआ

जिससे साफ है कि शव एक दिन पहले ही वहां रखा गया होगा ,मतलब आज शनिवार है शुक्रवार की शाम हम लोग काम खत्म कर जब घर गए तब तक वहां पर कुछ नही था, जिस व्यक्ति ने भी यह वारदात की है उसने शुक्रवार की देर शाम शव को कूड़े के ढेर में फेंक दिया ताकि किसी को पता ना चले , शव को देख ऐसा लग रहा था कि शव चार से पांच दिन पुराना हो , मतलब किसी ने कुछ दिन पहले वारदात को अंजाम दिया हो बदबू आने के बाद शव को यहां फेंक कर चले गए, महिला के शरीर के साथ किसी तरह की कोई हरकत तो नही हुई या फिर किसी तरह के कोई चोट के निशान, यह हत्या है या किसी अन्य कारण से मौत हुई – इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र से जानकारी जुटाई जा रही है।

महिला के पहनावे से पता चलता है कि महिला किसी इंस्टिट्यूट में काम करने वाली है क्योंकि जहां से शव बरामद हुआ है उसके आसपास कई इंस्टिट्यूट है, देखने से महिला की आयु 35 से 40 के आसपास बताई जा रही है, यह एक ब्लाइंड वारदात है जिसके लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी,

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल खन्ना की मोर्चरी में रखवा दिया है। महिला की पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा।

# नंगल शामा में बनेगा 58 लाख रुपये से डॉग शेल्टर

**जालंधर, 28 फरवरी।** पंजाब में जालंधर के उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने शनिवार को शहरी जनता की सुरक्षा और जानवरों के कल्याण की दिशा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियमों की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि जिले में आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं के प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नंगल शामा में करीब 58 लाख रुपये की लागत से एक नया डॉग शेल्टर बनाया जाएगा। इसका निर्माण कार्य 31 मार्च 2026 से पहले शुरू हो जाएगा। इसका उद्देश्य कुत्तों के काटने की घटनाओं को कम करना और आवारा कुत्तों को उचित चिकित्सा देखभाल एवं उपचार प्रदान करना। डॉ अग्रवाल ने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम के तहत शहर में आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए 'स्टेरलाइजेशन' अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल जनवरी महीने में ही 543 कुत्तों की स्टेरलाइजेशन की गयी। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 10 और 11 में काम शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है, जबकि वार्ड आठ और नौ में 80 प्रतिशत काम संपन्न हो गया है।

# 22 हजार से अधिक बुजुर्ग सरकारी सुविधाओं से जुड़े: डॉ. बलजीत कौर

**पंचकूला ऑब्जर्वर**



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार बुजुर्ग नागरिकों को समाज की अमूल्य धरोहर मानते हुए उनकी स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर ठोस, संवेदनशील और मानव-केंद्रित कदम उठा रही है। इसी दिशा में 'साडे बुजुर्ग साडा मान' राज्य स्तरीय अभियान के तहत लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम से 22 हजार से अधिक बुजुर्ग नागरिकों का पंजीकरण कर उन्हें विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है।

यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी। उन्होंने बताया कि सीनियर सिटिजन एक्शन प्लान के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बुजुर्गों की समग्र देखभाल के लिए 7.86 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे बुजुर्गों तक पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों के दौरान 6622 बुजुर्गों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, 2544 का आर्थोपेडिक परीक्षण तथा 4719 की आंखों की जांच की गई। इसके अलावा 2267 बुजुर्गों ने योग सत्रों, 1676 ने होम्योपैथिक तथा 2054 ने आयुर्वेदिक उपचार सहित सहायक उपकरणों का लाभ प्राप्त किया, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत को मजबूती मिली। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि अलीमको योजना के तहत 421 बुजुर्ग पंजीकृत हुए, जिनमें से 89 को व्हीलचेयर, चश्मे और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 566 बुजुर्गों के वृद्धावस्था पेंशन फॉर्म तैयार किए गए तथा 455 को सीनियर सिटिजन कार्ड जारी किए गए। उन्होंने बताया कि राज्य के अधिकांश जिलों में स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जबकि फरीदकोट और संगरूर में शीघ्र ही शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में मोतियाबिंद सर्जरी के लिए आगे उपचार हेतु भेजे गए बुजुर्गों सहित मुफ्त सहायक उपकरण, पेंशन सुविधा, सीनियर सिटिजन कार्ड, योग शिविर और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराए गए।

इसके तहत 5110 बुजुर्गों को मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटिजन्स एक्ट-2007 के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही

# सब-इंस्पेक्टर को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते विजिलेंस ने दबोचा



**चंडीगढ़।** विजिलेंस ब्यूरो पंजाब ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही अपनी मुहिम के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना साइबर सैल , संगरूर में तैनात सब-इंस्पेक्टर मेवा सिंह को 50,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव कोठे महां सिंह वाला, जिला बठिंडा के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी के विरुद्ध थाना साइबर क्राइम संगरूर में एक मामला दर्ज था, जिसमें आरोपी सब-इंस्पेक्टर जांच अधिकारी के रूप में तैनात था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने उसकी पत्नी को मामले से बरी करवाने में मदद करने के बदले 50,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी।

# एचपीवी वैक्सीन बेटियों के आत्म विश्वास और स्वास्थ्य की ढाल बनेगी : सीएम सैनी

## मुख्यमंत्री ने की हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत

पंचकूला ऑब्जर्वर



**लाडवा.** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्व के 160 से अधिक देशों में वैक्सीन लगाई जा रही है। यह ह्यूमन पेपिलोमा वायरस(एचपीवी) वैक्सीन बेटियों के आत्म विश्वास और स्वास्थ्य की ढाल बनेगी। इस वैक्सीन से महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर होने के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। यह वैक्सीन वायरस से सुरक्षा प्रदान करेगी और बेटियों के सपनों का सुरक्षा कवच भी बनेगी। इस राष्ट्रव्यापी एच.पी.वी. वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को लाडवा की राम कुंडी धर्मशाला के सभागार में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित प्रदेशव्यापी एच.पी.वी. वैक्सीनेशन अभियान के शुभारंभ पर बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब ड्क्षसह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती ड्क्षसह राव ने प्रदेशव्यापी एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया और बेटियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने 3 करोड़ 68 लाख की लागत से गांव बरोट में निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का उद्घाटन किया। इस अभियान के पहले दिन मुख्यमंत्री के समक्ष 5 बेटियों और स्वास्थ्य केंद्र में 35 बेटियों को एच.पी.वी. वैक्सीन लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी एच.पी.वी. अभियान कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से देखा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वाइकल कैंसर से भारत में महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाला दूसरा कैंसर है। यह कैंसर ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से पनप रहा है। इस बीमारी को रोका जा सकता है इसलिए वैज्ञानिक शोध के बाद एच.पी.वी. वैक्सीन से इलाज संभव हो सकेगा। यह वैक्सीन इस वायरस से सुरक्षा प्रदान करती है और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने के खतरे को काफी हद तक कम कर देती है। इस वैक्सीन को आने वाले 3 महीने में राज्य की प्रत्येक पात्र बालिका तक यह सुरक्षा पहुंचाई जाएगी। यह वैक्सीन 14 वर्ष की आयु पूर्ण करने और 15 वर्ष की आयु की कम बेटियों को लगाया जाएगा। यह वैक्सीन पूरी तरह से वैज्ञानिक शोध पर आधारित और सुरक्षित है। यह वैक्सीन विश्व के 160 से अधिक देशों में लगाई जा रही है।

### एक स्वस्थ बेटी ही बनती है सशक्त महिला: आरती सिंह

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी और मुख्यमंत्री नायब ड्क्षसह सैनी ने लाडवा से प्रदेशव्यापी एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान का आगाज करके बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने का कार्य किया है। इस कार्यक्रम के तहत टीकाकरण का ऑनलाइन पंजीकरण यू विन पोर्टल पर किया जाएगा। प्रत्येक बालिका को एच.पी.वी. टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह डिजिटल इंडिया के सपने को भी साकार करता है, जहां पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीकी का समन्वय भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कैंसर के तीसरे व चौथी स्टेज के रोगियों को 3200 रुपए की मासिक आर्थिक सहायता दी जा रही है अब तक 5807 कैंसर रोगियों ने इस योजना का लाभ उठाया है। प्रदेश सरकार की सोच है कि एक स्वस्थ बेटी ही सशक्त महिला बनती है और एक सशक्त महिला ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती है। यह डबल इंजन सरकार विकसित हरियाणा, विकसित भारत की दिशा में गति से आगे बढ़ रही है। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, तिजेंद्र ड्क्षसह गोल्डी, जयभगवान शर्मा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, नपा अध्यक्षा साक्षी खुराना, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. विरेन्द्र यादव, डा.विरेन्द्र अहलावत, सी.एम.ओ. डा. सुखबीर ड्क्षसह मुख्य रूप से मौजूद थे।

# 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सरकारः मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने गांव कड़ासन व विवेकानंन्द उत्थान समिति को 21-21 लाख रूपए देने की घोषणा की



**शहजादपुर/अम्बाला.** गांव कड़ासन में भारत की महान आध्यात्मिक विभूति स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि भारत की सोई हुई राष्ट्रीय चेतना को जगाने वाले युगपुरुष थे। उनकी प्रतिमा केवल पत्थर की मूर्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है। जब भी कोई युवा इस प्रतिमा को देखेगा, उसे यह स्मरण होगा कि जीवन का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा भी है। कोई भी बालक जब यहां आएगा तो उसके मन में यह जिज्ञासा अवश्य जगेगी कि स्वामी विवेकानंद कौन थे, और यही जिज्ञासा उसे उनके महान जीवन और विचारों से परिचित कराएगी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद उत्थान समिति को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गांव कडासन में विकास कार्यो के लिए 21 लाख रूपए तथा स्वामी विवेकानन्द उत्थान समिति को भी 21 लाख रूपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर विवेकानंद उत्थान समिति के प्रधान एवं हरियाणा के अतिरिक्त एडवोकेट जनरल जसवीर सिंह तथा समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने मुख्यअतिथि को सम्मान का प्रतिक पगडी, धार्मिक ग्रंथ श्रीमदभगवद गीता व वाल्मिकि रामायण सहित स्मृति चिन्ह व स्वामी विवेकानन्द जी का चित्र व शॉल भेंटकर भव्य अभिनन्दन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद का अमेरिका के भाइयो और बहनो से प्रारंभ हुआ संबोधन भारतीय इतिहास का गौरवशाली क्षण था। उस भाषण ने विश्व पटल पर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक शक्ति का डंका बजा दिया। उन्होंने कहा कि 19वीं शताब्दी में जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति का परचम विश्व में लहराया, उसी प्रकार आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। युवाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। उनका विश्वास था कि यदि उन्हें 100 ऊर्जावान और चरित्रवान युवा मिल जाएं तो वे देश की तस्वीर बदल सकते हैं। आज हरियाणा सरकार भी युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, खेल, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में 34 हजार युवाओं को सरकारी सेवाओं में शामिल किया गया है तथा पिछले 11 वर्षों में बिना खर्ची-बिना पर्ची के 2 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार प्रदान किया गया है। सीईटी परीक्षा के लिए विद्यार्थियों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई थी।

## एक नजर

### नामदेव समाज की विशेष बैठक आयोजित

**लाडवा.** संत शिरोमणि नामदेव समाज सभा लाडवा की एक विशेष बैठक लाडवा में कार्यकर्ताओं के निजी प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य सर्वसम्मति से सभा का गठन करना तथा समाज में फैली बुराई को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक करना था। इस बैठक में प्रवेश नामदेव, अनुज नामदेव, नीरज नामदेव, संजीव, अनमोल, मुकेश, संदीप, राजेश, रजत, सचिन, प्रदीप, नवदीप, शुभम सहित अनेक समाज के लोग मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से सभा का गठन करने के बाद समाज को एक जूट करने व सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करने पर भी जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से सभी ने मिलकर प्रवेश नामदेव को सभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष ने सभी की सहमति से सभा की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी भी गठित की गई, जिसमें अनुज नामदेव को उपाध्यक्ष, नीरज नामदेव को सचिव, संजीव नामदेव को सह सचिव, अनमोल नामदेव को प्रबंधक, मुकेश नामदेव को सह प्रबंधक, संदीप नामदेव को कोषाध्यक्ष, राजेश नामदेव को सह कोषाध्यक्ष, रजत नामदेव को सोशल मीडिया प्रभारी, सचिन नामदेव को सह सोशल मीडिया प्रभारी, प्रदीप नामदेव को कॉर्डिनेटर, नवदीप नामदेव को सह कॉर्डिनेटर, शुभम नामदेव को ऑडिटर चुना गया। नव नियुक्त अध्यक्ष प्रवेश नामदेव ने कहा कि हमारी सभा का उद्देश्य समाज में फैली बुराईयों को खत्म करने में सहयोग करने के साथ-साथ समाज को एक जूट करने व सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करने पर भी जोर रहेगा। इस अवसर पर कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### बाबा नाहर सिंह देवता का दो दिवसीय मेला शुरू

**लाडवा.** लाडवा खंड के गांव बडौंदा में बाबा नाहर सिंह देवता का दो दिवसीय मेला शनिवार को शुरू हो गया। मेले को लेकर गांव वासियों व मंदिर कमेटी द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए। मेले के पहले ही दिन सुबह से श्रद्धालुओं ने बाबा नाहर ड्क्षसह देवता के मंदिर में आकर पूजा-अर्चना की मंदिर में बनी बम्बी में दुध चढ़ाकर मन्नतें मांगी। यह जानकारी लीला राम भगत ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लाइनों की व्यवस्था की गई है। दो दिवसीय इस मेले में हरियणवीं सांग सहित विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मेले में आए श्रद्धालुओं को मंदिर की महानता के बारे में बताते हुए भक्त लीला राम ने बताया कि इस मंदिर में एक बम्बी बनी हुई है, जिसे केवल दूध से ही भरा जा सकता है। श्रद्धालु इसी बम्बी की पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिर में आते है। बम्बी पर दुध चढ़ाकर श्रद्धालु अपनी मन्नतें मांगते है। कहते है कि मंदिर में आकर दुध चढ़ाने से उनकी हर मन्नत पूरी होती है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर इस बम्बी से निकलने वाले सांपों के कारण मंदिर की आस्था लोगों में बढ़ रही है। मंदिर में 2005 से लगातार देशी घी की जोत भी जग रही है। मंदिर में सच्चे दिल से मांगी गई मन्नत अवश्य पुरी होती है। मेले में पहले दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मेला का आनंद उठाया व भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**रादौर.** शहर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित 55 वी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कॉलेज के डीपी डॉ. महेंद्र सिंह आलमपुर की देखरेख में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। लड़कियों में प्रतियोगिता की बेस्ट एथलिट मन्नत व लड़कों में बेस्ट एथलिट आर्यन को चुना गया। विजेताओं को स्वर्ण, कांस्य व रजत पदकों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के डीपी महेंद्र सिंह आलमपुर ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वार्षिक खेल महोत्सव को सफल बनाया है। इस तरह के मंच खिलाड़ियों को आगे बढने में सहायता करते है। प्रिंसिपल डॉ. माला शर्मा ने पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### औद्योगिक इकाई का दौरा कर टीचर्स व छात्राओं ने सीखी नवाचार और उत्पादन की तकनीक

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल व अनुसंधान एवं विकास सेल के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के शिक्षकों और छात्राओं ने दामला स्थित धर्मबीर फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड का शैक्षणिक दौरा किया। जहां उन्होंने नवीन प्रयोगों, अनुसंधान और सतत प्रयासों से विकसित तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने उत्पादन प्रक्रिया, मशीनरी के उपयोग, गुणवत्ता नियंत्रण तथा वैल्यू एडिशन की बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप और नवाचार कर्ताओं को बाजार तक पहुँचाने की वास्तविक प्रक्रिया से अवगत कराना था। यह दौरा कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर, आईआईसी कन्वीनर विवेक, अनुसंधान एवं विकास सेल कन्वीनर डॉ. सुनीता कौशिक तथा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. मनमीत कौर व हर्ष शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। दौरे के दौरान छात्राओं ने भी यूनिट का भ्रमण किया और उत्पादन की पूरी प्रक्रिया, आधुनिक उपकरणों के संचालन, पैकेजिंग तकनीक तथा उत्पादों की मार्केटिंग रणनीतियों के बारे में व्यावहारिक जानकारी हासिल की। इस फील्ड विजिट से विद्यार्थियों को नवाचार को व्यावसायिक रूप देने की वास्तविक प्रक्रिया समझने का अवसर मिला। यूनिट प्रमुख धर्मबीर कांबोज ने कहा कि सही मार्गदर्शन, गुणवत्ता और निरंतर प्रयास से कोई भी नवाचार सफल उद्यम में बदला जा सकता है।

# डीएसपी पर लगाए आरोप निराधार, नशा मुक्ति टीम का हेड कांस्टेबल संधू बर्खास्त

### नियम उल्लंघन और जांच प्रभावित करने के आरोप, सोशल मीडिया पर पोस्ट डालनी पड़ी भारी

**कैथल.** कैथल जिले में पुलिस विभाग के भीतर उठे चर्चित विवाद में बड़ा फैसला लेते हुए नशा मुक्ति टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल सुनील संधू को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक उपासना सिंह ने प्रेस वार्ता में स्पष्ट किया कि सुनील संधू द्वारा कलायत के डीएसपी ललित यादव पर लगाए गए गंभीर आरोप जांच में तथ्यहीन पाए गए, जबकि उनकी ओर से सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर विभागीय प्रक्रिया को प्रभावित करने और पुलिस की छवि धूमिल करने के प्रमाण सामने आए हैं। एसपी उपासना ने बताया कि सुनील संधू नशा मुक्ति टीम में तैनात थे और ड्यूटी के दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी व कार्रवाई से जुड़े वीडियो अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर सांझा करते थे, जो सेवा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। विभाग के आधिकारिक प्लेटफॉर्म मौजूद होने के बावजूद निजी प्रचार के उद्देश्य से इस तरह की पोस्ट डालना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। मामले की जड़ 23 फरवरी की वह फेसबुक पोस्ट बनी, जिसमें संधू ने आरोप लगाया था कि कलायत के डीएसपी ललित यादव ने उन्हें झूठे नशा तस्करी केस में फंसाने की धमकी दी है। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तुरंत जांच के आदेश देते हुए गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल को जिम्मेदारी सौंपी थी। जांच के दौरान संधू द्वारा लगातार सोशल मीडिया वीडियो और बयान जारी किए जाने से माहौल तनावपूर्ण हो गया और जांच प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका जताई गई।

एसपी ने बताया कि 16 फरवरी को सिटी थाना क्षेत्र में हुई एक रेड के दौरान एनडीपीएस एक्ट की अनिवार्य प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। नियमानुसार तलाशी राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जिससे केस कमजोर हो गया और पूरी कार्रवाई विफल रही।

### 9 पुलिसकर्मियों को किया था लाइन हाजिर

विभागीय जांच में इस लापरवाही की जिम्मेदारी नशा मुक्ति टीम के हैड कांस्टेबल सुनील संधू पर तय की गई। इसी प्रकरण में दो दिन पहले उन्हें सहित नशा मुक्ति टीम के नौ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया था। पुलिस प्रशासन का कहना है कि संधू ने सोशल मीडिया पर भूख हड़ताल और साथियों को बुलाने जैसे बयान देकर दबाव बनाने की कोशिश की, जिससे भय का वातावरण बना और पुलिस के खिलाफ भ्रामक खबरें फैलने लगीं। जांच रिपोर्ट में डीएसपी पर लगाए गए आरोप निराधार पाए जाने के बाद विभाग ने कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया। संधू की गिड़ी तबीयत: सूत्रों के अनुसार विवाद के बाद संधू की तबीयत बिगड़ गई और वे फिलहाल कैथल के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन बताए जा रहे हैं। पुलिस विभाग ने साफ संदेश दिया है कि वर्दी की गरिमा और सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर सख्ती बरती जाएगी। पंजाब पुलिस नियमावली के नियम 14.8 व 14.44 की अवहेलना की गई है। इसलिए हवलदार सुनील संधु को सरकारी सेवा से बर्खास्त किया गया है। मुख्य सिपाही सुनील द्वारा घोर दुराचार, अवज्ञाकारिता व अनुशासहीनता का परिचय दिया गया। यह पंजाब पुलिस नियमावाली के नियम 16.2 (1) की परिभाषा के अंतर्गत आता है। सुनील संधु के घोर दुराचार व नियमों की अवहेलना के कारण सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार का माहौल बन गया था।

# सांसद की अनुशंसा पर सरकार ने कुरुक्षेत्र के गांवों में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 86 लाख 48 हजार की राशि स्वीकृत की

**कुरुक्षेत्र.** सांसद नवीन जिन्दल की अनुशंसा पर प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्रामीण विकास निधि से कुरुक्षेत्र जिला के गांवों में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 86 लाख 48 हजार की राशि स्वीकृत कर जारी कर दी है। इस राशि को जारी करवाने में सांसद नवीन जिन्दल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने ही पंचायतों द्वारा भेजे गए एस्टीमेट को एचआरडीएफ फंड के रूप में अप्रूवल दिलाई है। सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से पिपली के गांव किशनगढ़ में गली निर्माण के लिए तीन लाख रुपये, खैरा में बीसी चौपाल के लिए चार लाख 20 हजार, वजीदपुर में श्मशान घाट तक गली निर्माण के लिए 3 लाख, सराय सुखी में नाले के निर्माण के लिए 50 हजार, लोहार माजरा कम्युनिटी सेंटर के शौचालय के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, चंद्रभानपुरा में कम्युनिटी हॉल के लिए 10 लाख व लुखी डेरा में श्मशान घाट के रास्ते व चारदीवारी के लिए 13 लाख 46 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह डेरा रामनगर बारना में पीडब्लयूडी रोड से गली निर्माण के लिए 2 लाख 99 हजार रुपए, सिंहमार पट्टी बारना में श्मशान घाट के शैड व बाउंड्री वाल के लिए नौ लाख, हंसाला में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए 6 लाख 45 हजार, सुनहेड़ी खालसा में अंबेडकर भवन की ओर जाने वाली फिरनी के लिए 10 लाख रुपए, खिजरपुरा में पंचायत भवन के लिए 5 लाख 79 हजार, आलमपुर में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए 5 लाख, थडौली में एसवाईएल से जसबीर सिंह के घर तक रास्ता निर्माण के लिए चार लाख 11 हजार, नैसी में शिव मंदिर के पास कम्युनिटी सेंटर को पूरा करने के लिए 5 लाख 10 हजार, बुहावा में विकास कार्यों के लिए 6 लाख 39 हजार, अटवान में रेलवे लाइन से मक्खन सिंह डेरा तक रास्ते के लिए दो लाख, जंधेडी में चौपाल निर्माण के लिए 11 लाख 74 हजार, कतलेहड़ी में फिरनी के लिए 8 लाख 87 हजार, त्यौड़ी में गली के लिए 14 लाख 55 हजार, रामनगर में रास्ते के निर्माण के लिए 5 लाख, तंगौरी में बीसी चौपाल के लिए 3 लाख, सूढपुर में शैड और शमशान घाट में फर्श के लिए 5 लाख स्वीकृत किए गए हैं। पेहवा के ईशाक में पेवर ब्लॉक की गलियों के निर्माण के लिए 5 लाख 49 हजार, रुआं में गालियों के निर्माण में श्मशान घाट के लिए 8 लाख, कराह साहिब में डेरे तक पाइपलाइन के लिए 6 लाख, सिंहपुरा में गली निर्माण के लिए 3 लाख, डेरा फतेह सिंह में 98 हजार और लाडवा के बडैचपुर हरिजन चौपाल की चारदीवारी के लिए 3 लाख 8 हजार, बदरपुर में प्राइमरी स्कूल में ब्लाक लगाने के लिए 2 लाख 23 हजार, जोगी माजरा में गली निर्माण के लिए 3 लाख और बकाली में कर्म सिंह के प्लॉट तक गली निर्माण के लिए चार लाख रुपए स्वीकृत किए गए । इस तरह सांसद नवीन जिन्दल की अनुशंसा पर एक करोड़ 86 लाख 48 हजार एचआरडीएफ फंड द्वारा ग्रामीण विकास के लिए ग्राम पंचायत के खाते में जारी किए गए।

# मुख्यमंत्री ने अनिल विज से की शिष्टाचार भेंट, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की



**चंडीगढ़.** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज के अम्बाला छावनी स्थित आवास पर आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने श्री विज का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की।

उल्लेखनीय है कि आत्मीयता और सद्भाव का प्रतीक रही इस भेंट के दौरान प्रदेश के विकास एवं जनसेवा से जुड़े विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री अनिल विज प्रदेश की राजनीति के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता हैं, जिनका प्रशासनिक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण हरियाणा के लिए अमूल्य है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि श्री विज शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होकर पुनः ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के आगमन पर श्री अनिल विज, उनके भाई राजिंद्र विज एवं कपिल विज ने उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। पारिवारिक आत्मीयता के माहौल में हुई इस भेंट ने आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को और मजबूत किया।

### राजीव गांधी सनातन धर्म सहशिक्षा कॉलेज में रंग, उमंग और तरंग का संगम

**नरवाना.** राजीव गांधी सनातन धर्म सहशिक्षा कॉलेज में होली का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पढ़ाई से विराम लेकर छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ होली उत्सव का आनंद उठाया। बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने समारोह का संचालन किया। संगीत की मधुर धुनों पर छात्र-छात्राएं थिरकते नजर आए और वातावरण रंगों व उमंग से सराबोर हो गया। समारोह की शुरुआत प्राचार्या डॉ. बबीता गर्ग ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व सकारात्मकता और एकता की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य भी होली के रंगों की तरह विविधता में एकता को खोजते हुए समाज को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि होली उनके जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए तथा उनका भविष्य रंगों की तरह ही जीवंत और उज्ज्वल बना रहे। संस्था प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी नरवाना जगदीश चंद्र ने भी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह उत्सव उनके सपनों और कल्पनाओं को नई उड़ान प्रदान करे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का आनंद लिया और परिसर में भाईचारे व उल्लास का वातावरण बना रहा।

### एचपीवी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया

**रादौर.** शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को एचपीवी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के पहले दिन सात लड़कियों को टीका लगाया गया। एसएमओ रादौर डॉ. विजय परमार ने बताया कि यह टीका उन लड़कियों को लगाया जा रहा है, जिनकी आयु 14 वर्ष से ऊपर है, लेकिन जिन्होंने अपना 15 वां जन्मदिन नहीं बनाया है। यह टीका हुमन पपिल्लोमावायरस से होने वाला गर्भाशय के मुंह के कैंसर का बचाव करता है। इस टीके को लगाने का उद्देश्य यही है कि जो भविष्य काल में आने वाला सर्वाइकल कैंसर जैसा रोग है, उससे उसका बचाव किया जा सके।

### ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

# महानगर बनेगा अंबाला कैंट, एक हजार एकड़ में बसेंगे सात नए सेक्टर्स

पंचकूला ऑब्जर्वर



**अंबाला.** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी निवासियों को एक बड़ी खुशखबरी देते हुए बताया कि अम्बाला छावनी में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के सात नए सेक्टर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिससे न केवल शहर का दायरा बढ़ेगा, बल्कि रिहायशी सुविधाओं में भी जबरदस्त सुधार होगा और भविष्य में अम्बाला महानगर बन जाएगा। श्री विज ने अम्बाला छावनी में सात नए सेक्टर विकसित करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ढांचागत विकास प्रगति कार्य को नई रफ्तार दे रही है जोकि सराहनीय कदम है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि अम्बाला छावनी विधानसभा और उसके साथ लगते गांवों घसीटपुर, बुहावा, शाहपुर, ब्राह्मण माजरा, करधान, सरसेहड़ी, चंदपुरा, मच्छौंडा, उगाड़ा, दुखेड़ी, सलारहेड़ी, रांवला, मंगलई, सम्भालखां में लगभग एक हजार एकड़ क्षेत्रफल में सात नए सेक्टर विकसित होंगे जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा ई-भूमि पोर्टल आगामी दो महीने यानि 30 अप्रैल, 2026 तक आवेदन करने के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि भूमि मालिक सेक्टर विकसित करने हेतु पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अम्बाला छावनी में इस क्षेत्रफल में जो सेक्टर बनेंगे उनमें सेक्टर 27, सेक्टर 28, सेक्टर 36, सेक्टर 40, सेक्टर 40-ए, सेक्टर 41-ए और सेक्टर 42 होगा। प्रस्तावित नए सेक्टरों में रिहायशी, ओपन स्पेस, कॉमर्शियल, ट्रांसपोर्ट व कम्यूनिकेशन, इंडस्ट्रियल प्लेस होंगे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सात नए सेक्टरों के बनने से अम्बाला छावनी महानगर बन जाएगा जिसका रिंग रोड तक विस्तार होगा। अम्बाला छावनी के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।



# भूल भुलैया 3 के बाद रोज़ सरदाना की नई उड़ान



बहुचर्चित फ्रेंचाइज़ी भूल भुलैया 3 से जुड़ने के बाद रोज़ सरदाना अब अपने करियर की अगली रोमांचक उड़ान भर चुकी हैं। इस बार उनका ठिकाना है महाराष्ट्र का खूबसूरत शहर नासिक, जहां वह जेसे लीवर के साथ एक नए प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त हैं। हरी-भरी वादियों और मनमोहक लोकेशंस के बीच फिल्माए जा रहे इस शेड्यूल को कहानी का अहम हिस्सा बताया जा रहा है। हालांकि कथा से जुड़े विवरण गोपनीय रखे गए हैं, लेकिन सूत्रों की मानें तो रोज़ इस बार एक जीवंत और ऊर्जावान किरदार में नजर आएंगी, जो उनके अभिनय के नए आयाम दर्शकों के सामने खोलेगा। रोज़ कहती हैं, नासिक की ऊर्जा सचमुच खास है। यहां शूटिंग करना एक खूबसूरत अनुभव है, और जेसी के साथ काम करना बेहद सहज और मज़ेदार रहा। लगातार विविध प्रोजेक्ट्स चुनते हुए रोज़ सरदाना अपने अभिनय सफर को मजबूती से आगे बढ़ा रही हैं। नासिक का यह पड़ाव उनके करियर में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ सकता है।

### आशु सहगल का 'अरे झुमका बाली रे' से धमाकेदार आगाज़

# 'अरे झुमका बाली रे' से आशु सहगल की नई उड़ान

देवभूमि हरिद्वार की पावन फिज़ाओं से निकली एक सुमधुर आवाज अब मायानगरी मुंबई के संगीत स्टूडियो में गूंज रही है। लोकसंस्कृति और सुरों की विरासत को अपने दिल में संजोए युवा गायक आशु सहगल ने अपने नए गीत अरे झुमका बाली रे के साथ संगीत जगत में मजबूत दस्तक दी है। इस गीत को बॉलीवुड के जाने-माने संगीतकार एस पी सेन ने न केवल संगीतबद्ध किया है, बल्कि इसके बोल भी स्वयं लिखे हैं। मुंबई के प्रिया सारेगा स्टूडियो में रिकॉर्ड हुआ यह मधुर गीत जल्द ही मून मूवी? के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ होगा। गीत के निर्माता सोमपाल सहगल हैं, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को खास अंदाज़ में साकार किया है। हरिद्वार के गांव भारापूर भौंरी के रहने वाले आशु सहगल ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा मीनू पंडित से ली। वर्तमान में वे सुश्री करुणा चौहान से गायकी की बारीकियां सीख रहे हैं। बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई के साथ-साथ वे अपने संगीत के जुनून को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रहे हैं। आशु अपने प्रेरणास्त्रोत के रूप में मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, कुमार शानू, उदित नारायण और अरिजीत सिंह को मानते हैं। इन दिग्गजों की गायकी से प्रेरणा लेकर वे अपनी अलग पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। इससे पहले आशु फिल्म मन से मन तक का टाइटल गीत गा चुके हैं और एक एल्बम में भी अपनी आवाज़ दे चुके हैं। अब वे एक और फिल्म के लिए गीत रिकॉर्ड करने जा रहे हैं, जो उनके करियर का अगला अहम पड़ाव साबित हो सकता है। आशु की इस संगीत यात्रा में उनके पिता का विशेष योगदान है। रिकॉर्डिंग के दौरान भी उनके पिता स्टूडियो में मौजूद रहे। गांव के लोग भी आशु को एक प्रतिभाशाली गायक मानते हैं और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं। संगीतकार एस पी सेन ने आशु की तारीफ करते हुए कहा, आशु सहगल की आवाज़ में एक अलग अंदाज़ और सच्चाई है। उन्होंने इस गीत को बड़ी शिद्दत से गाया है। भविष्य में मैं उन्हें एक फिल्म के लिए भी गवाने जा रहा हूं। वहीं आशु सहगल ने इस अवसर के लिए एस पी सेन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गीत उनके सपनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपनी पेट मौ के साथ शेयर कीं प्यारी तस्वीरें, 'लाफ्टर शेफ्स' के खास एपिसोड का दिया हिंट

भारतीय टेलीविजन और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम से कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने लाफ्टर शेफ्स के सीजन 3 सेट से फोटो शेयर करते हुए पोस्ट कैप्शन में लिखा, आपके लिए एक बेहद खास एपिसोड आ रहा है। हमारी प्यारी मौ ने राष्ट्रीय टीवी पर अपना पहला प्रदर्शन किया। उसे पता नहीं है कि स्क्रीन पर क्या हो रहा है, लेकिन हम जानते हैं। हमारा दिल खुशी से भर गया है। उन्होंने आगे लिखा, आप सभी से अपनी नन्ही सी बची का परिचय कराते हुए हमें बहुत गर्व और खुशी हो रही है। मौ मेरी मौ। अंकिता ने पोस्ट के जरिए फैंस और प्रशंसकों को अपने पालतू जानवरों से प्यार करने की सलाह दी है। शेयर की गई तस्वीरों में अंकिता और उनके पति विक्की जैन के साथ पेट मौ नजर आ रही है, जो कि अभिनेत्री की एक प्यारी सी बिल्ली है। एक्ट्रेस फोटो में मौ के साथ काफी खूबसूरत लग रही हैं। फैंस अंकिता और विक्की की उनकी पेट के साथ की तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। पोस्ट पर कुछ ही घंटे में हजारों लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, लोग कमेंट्स के जरिए फोटो पर अपना प्यार लुटा रहे हैं और लाफ्टर शेफ्स के आज के एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अंकिता लोखंडे का जन्म 19 दिसंबर, 1984 को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक महाराष्ट्रीयन परिवार में हुआ था। अभिनेत्री ने लोगों के बीच अपनी पहचान टीवी के लोकप्रिय सीरीयल पवित्र रिश्ता से बनाई। इस शो में एक्ट्रेस ने अर्चना का एक प्रमुख किरदार निभाया था, जिससे उन्हें घर-घर में प्रसिद्धि मिली और इस उपलब्धि ने उन्हें टीवी की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक बना दिया। इसके बाद अभिनेत्री ने साल 2019 में कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी से बॉलीवुड में कदम रखा, जिसमें उनकी झलकारी बाई की भूमिका को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया। इसके बाद वह बागी 3 और स्वतंत्र वीर सावरकर जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। अंकिता ने 2021 में बिजनेसमैन विक्की जैन से शादी की, जिसके बाद दोनों बिग बॉस 17 में एक साथ प्रतियोगी के रूप में नजर आए।

## मम्मी-पापा की 40वीं सालगिरह पर टूर गाइड बनीं श्रिया पिलगांवकर, वियतनाम में मनाया जश्न



मशहूर अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर हाल ही में अपने माता-पिता के साथ वियतनाम की सैर करके वापस लौटी हैं। उन्होंने बताया कि पेरेंट्स के साथ किसी ट्रिप पर जाना फिल्म बनाने से कम नहीं है। श्रिया पिलगांवकर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर कुछ झलकियां शेयर कीं, जिसमें वे अपने माता-पिता के साथ खूब मजे करती नजर आ रही हैं। श्रेया ने लिखा, जब मम्मी-पिता ही बचों जैसे बन जाएं, तब परिवार के साथ छुट्टियां किसी फिल्म से कम नहीं लगतीं। थोड़ी भागदौड़ और हलचल तो होती है, लेकिन यही पल सबसे प्यारी यादें बन जाते हैं। माता-पिता को घुमाने ले जाना बहुत खास एहसास देता है। श्रिया ने आगे बताया, परिवार के साथ छुट्टियां प्लान करना आसान नहीं होता, इसलिए मौका मिले तो हम उसे कभी हल्के में नहीं लेते। हाल ही में मम्मी-पापा की शादी की 40वीं सालगिरह थी तो मैंने एक छोटा सा ट्रिप प्लान किया। इस दौरान मैं उनकी पूरी टूर गाइड बनी रही।

तस्वीरों में वियतनाम की खूबसूरत जगहों पर परिवार की मस्ती साफ दिख रही है। यह ट्रिप उनके लिए बेहद यादगार साबित हुई।

बता दें कि श्रिया पिलगांवकर 90 के दशक के अभिनेता सचिन पिलगांवकर और अभिनेत्री सुप्रिया पिलगांवकर की बेटी हैं। श्रेया ने भी अपने माता-पिता की तरह सिनेमा की दुनिया में अपने करियर को बनाने का फैसला लिया। बचपन से ही श्रेया फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करती रहीं और छोटे किरदारों के जरिए अपने अभिनय को निखारा।

साल 2010 में श्रेया ने चल चलिए नाम की शॉर्ट फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने एक कुल्टी जैसी कुछ कहानियों के जरिए अपना नाम बनाने की कोशिश की है। अभिनेत्री जल्द ही फिल्म हैवान में नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। इस बात की जानकारी उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। इस फिल्म की शूटिंग के कुछ भाग ऊंटी में शूट किए गए थे। फिल्म में सैफ अली खान और अक्षय कुमार साथ में नजर आएंगे। दोनों लगभग 18 सालों के बाद स्क्रीन पर साथ नजर आएंगे, जिसे देखने के लिए प्रशंसक और भी यादा उत्साहित हैं।

## शादी के बाद रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की पहली फिल्म 'राणाबाली' का प्रोमो सॉन्ग रिलीज



साउथ सिनेमा इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की लंबे समय से सुर्खियों में बनी शादी 26 फरवरी को उदयपुर में एक निजी सेरेमनी में संपन्न हुई। यह जोड़ी बहुत जल्द एक साथ फिल्म में नजर आने वाले हैं। शादी के बाद भी रश्मिका और विजय लगातार लाइमलाइट में बने हुए हैं। शनिवार को टी-सीरीज तेलुगू ने अपने यूट्यूब चैनल पर एन्धाय्या सामी स्पेशल सरप्राइज नाम से एक वीडियो रिलीज किया, जिसमें रश्मिका और विजय की आगामी तेलुगू भाषी ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म राणाबाली का प्रोमो सॉन्ग जारी किया गया। राणाबाली टीम की ओर से यह स्पेशल सरप्राइज, राणाबाली और जयम्मा के जीवन के इस खास पल का जश्न मनाते हुए शेयर किया गया है। मूवी का प्रोमो सॉन्ग रिलीज होते ही फैंस का उत्साह काफी बढ़ गया है। शादी के बाद कपल की यह पहली फिल्म है, जिसमें दोनों पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। फैंस ऑन और ऑफ स्क्रीन इस जोड़ी के दीवाने हैं। वीडियो पर कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज और कमेंट्स आ चुके हैं, जिसमें रश्मिका और विजय की अपकमिंग मूवी से शादी के सीन को दिखाया गया है। स्क्रीन पर कपल की जबरदस्त रोमांटिक केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है। वीडियो के सिंगर श्वेता मोहन और अजय गोगावले हैं। संगीतकार अजय अतुल हैं। सरस्वतीपुत्र रामजोगय्या शास्त्री गीतकार हैं। वहीं, रिकॉर्डिंग और मिक्सिंग विजय दयाल ने की है और संगीत रचना, संयोजन, निर्माण और संचालन अजय अतुल हैं। राणाबाली मूवी के पोस्टर को रश्मिका और विजय ने शनिवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। फिल्म के पोस्टर को स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, यह हमारे लिए एक बहुत ही प्यारा सरप्राइज है और अब यह आपके लिए भी एक सरप्राइज है। राणाबाली और जयम्मा, ये हम हैं। मूवी राणाबाली में रश्मिका (जयम्मा) और विजय (राणाबाली) के मुख्य किरदार को निभाते नजर आएंगे, जो 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राहुल सांकृत्यायन द्वारा निर्देशित फिल्म की कहानी 19वीं सदी के ब्रिटिश शासित भारत और रायलसीमा के इतिहास से प्रेरित है।

## स्प्लिट्सविला एक्स 6 की यादों में डूबीं निया शर्मा, पोस्ट शेयर कर लिखा- आंखों में आ गए आंसू



मुंबई । अपनी बेबाक और बिंदास पर्सनैलिटी को लेकर दर्शकों के दिलों में खास पहचान रखने वाली टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री निया शर्मा इन दिनों एमटीवी के पॉपुलर रियलिटी शो स्प्लिट्सविला एक्स 6 में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री निया शर्मा ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर शो से रिलेटेड यादों को शेयर किया। इन तस्वीरों में उन्होंने शो के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स मोमेंट्स शेयर किए, जिसमें होस्ट सनी लियोनी और करण कुंद्रा, उर्फी जावेद, हामिद बर्कजी और अन्य कंटेस्टेंट्स के साथ मजेदार पल शामिल थे। एक खास वीडियो में सनी लियोनी के बचे निशा, नोआ और अशर ने डिनर के दौरान प्यारी सी स्पीच दी। निया ने बताया कि शो के दौरान वह काफी इमोशनल हो गईं। उन्होंने बताया कि इस शो को याद करते हुए उनकी आंखों में आंसू आ गए थे।

निया ने लिखा, शो की यादों में खोकर मेरी आंखों में आंसू आ गए थे। ऐसे दिन जब आप खुश होने की कोशिश नहीं करते, बस सच में खुश होते हैं। सबसे अछे पल इतनी जल्दी यादें बन जाती हैं कि आप उन्हें पीछे नहीं लौटा सकते। स्प्लिट्सविला एक्स 6 में बहुत प्यार और नफरत है, लेकिन शो को देखने वालों की संख्या बहुत जबरदस्त है।

उन्होंने आगे बताया कि एमटीवी चैनल उनके बचपन का पसंदीदा चैनल हुआ करता था। उन्होंने लिखा, इस सफर की शुरुआत करके मैं बहुत रोमांचित थी। एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स 6 एक डेटिंग रियलिटी शो है, जो एमटीवी इंडिया पर आता है। शो के अब तक 16 सीजन आ चुके हैं और इस शो को सनी लियोनी और करन कुंद्रा होस्ट कर रहे हैं। वहीं, उर्फी और निया भी नजर आ रही हैं। इनका काम प्रतियोगियों को चुनौती देना और खेल में बाधाएं डालना होगा। वे हर कदम पर प्रतियोगियों को उलझाएंगी और उन्हें अपने निर्णयों पर दोबारा सोचने के लिए मजबूर करेंगी। स्प्लिट्सविला शो 9 जनवरी से एमटीवी चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है।

# हाई बीपी और शुगर के लिए संजीवनी है सुबह की सैर



आज लगभग हर घर में हाई बीपी या शुगर से पीड़ित मरीज मिल जाता है। आयुर्वेद और विज्ञान दोनों ही सुबह की सैर को संजीवनी मानते हैं। नियमित सैर इन दोनों बीमारियों को नियंत्रित रखने में दवा की तरह काम करती है। विज्ञान की बात मानें तो सुबह के वक्त शरीर बायोकेमिकल प्रक्रिया से गुजरता है, और जब सुबह शरीर को बाहर की ठंडी हवा लगती है तो नेचुरल इंसुलिन बनने लगता है। जब तेज-तेज कदमों से शुगर का मरीज सैर पर निकलता है तो मांसपेशियां रक्त से ग्लूकोज को बढ़ाकर ऊर्जा में परिवर्तित कर देती हैं। यह प्रक्रिया शरीर में शुगर की दवा की तरह काम करती है और पूरे शरीर में रक्त का संचार भी तेज होता है। इसके साथ ही सुबह की सैर करने से धमनियों में रक्त का प्रवाह तेज होता है और नाइट्रिक ऑक्साइड भी बढ़ता है। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त धमनियों को आराम देता है, जिससे हाई बीपी में धमनियों पर प्रभाव कम होता है और हाई बीपी की परेशानी नियंत्रित रहती है।

सुबह की सैर करने से शुगर के मरीजों की सेहत में बड़ा अंतर पाया गया है। एक शोध की मानें तो लगातार 3 महीने तक 30 मिनट की सैर से शुगर लेवल को कम किया जा सकता है। इसके साथ सुबह की सैर दिल के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

सुबह की सैर से शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और रक्त धमनियों पर पड़ने वाला दबाव कम होता है। गुड कोलेस्ट्रॉल बीपी और हृदय रोग दोनों के लिए लाभकारी है। इससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। सुबह की सैर जरूरी है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि सैर कैसे करनी है। सुबह की सैर का लाभ तभी मिलता है जब सैर ब्रह्म मुहूर्त में की जाए, क्योंकि उस वक्त वायुमंडल में भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन मौजूद होती है। बढ़ते दिन के साथ वायुमंडल में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता जाता है, जो पूरे शरीर के लिए हानिकारक होता है।

सैर करते वक्त ध्यान रखें कि तेज-तेज लंबे-लंबे कदमों से चलें, लेकिन हांफे नहीं। ऐसा करने से रक्त को पूरे शरीर में तेजी से पंप होने का मौका मिलेगा। कम से कम रोजाना 1 घंटे की सैर जरूरी है। अगर आप सैर की शुरुआत कर रहे हैं, तो पहले कम से कम आधे घंटे से करें और उसके बाद धीरे-धीरे समय और रफ्तार दोनों को बढ़ाएं। यह शरीर में ऊर्जा को भी बढ़ाने में मदद करेगी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com